तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित और पारदर्शी ...

14 ओम फर्टिलाइज़र में स्टॉक कम पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई


## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** गढ़पटनी रोड शराब दुकान भट्ठी के पास चाकू लेकर लोगों को डरा रहे एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हेमलाल चेरकिया पिता चमरू चेरकिया (29 साल) निवासी धौराभांठा थाना सहिला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल निवास जर्रा थाना बसना को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार चाकू को बरामद किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 15 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम भीखापाली में एक युवक के कब्जे से बसना पुलिस ने 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि छबिलाल नायक नाम का व्यक्ति रामपुर रोड बबुल पेड़ के नीचे ग्राम भीखापाली में अवैध शराब बिक्री हेतु रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी छबिलाल नायक पिता कुमार सिंह नायक (28 वर्ष) खैरा थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार हाल मुकाम रामपुर थाना बसना के कब्जे से करीबन 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### कार की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम कनेकेरा में कार की टक्कर से एक बच्चा घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट लिखाते हुए घायल बच्चे की मां जया कोसरे ने पुलिस को बताया कि 19 मई को अपने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी गई थी। जहां से काम होने के बाद सुबह लगभग 8 बजे जैसे ही आंगनबाड़ी से निकली, उसी समय ग्राम भलेसर से कनेकेरा की ओर आ रही कार क्रमांक सीजी 12 एडब्लू 7200 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके बेटे विवेक कोसरे को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से विवेक के बांये हाथ की कोहनी एवं दोनों पैर की घुटने में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट करने वाले दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ेना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुढ़ेना के रोशन निषाद के साथ 19 मई की रात करीब 9 बजे दादू निषाद और चुन्नू निषाद ने मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# भीषण गर्मी में झिरिया का पानी, वह भी एक किलोमीटर दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जलसंकट के चलते जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम भलेसर में ग्रामीणों को 1 किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। हैरत की बात यह है कि ग्रामीणों को केशवा नाला तक जाकर झिरिया से पानी निकाल रहे हैं फिर उन्हें लेकर परिवार के भरण पोषण के लिए तपती दुपहरी में तपस्या करनी पड़ रही है।जिला मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित करीब तीन हजार की आबादी व 15 वार्ड वाले भलेसर गांव के कई वार्डों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव में मौजूद सात हैंडपंपों में केवल दो चालू हैं, वहीं सात बोर में से सिर्फ तीन काम कर रहे हैं। इस पंचायत के पांच तालाबों में से चार पूरी तरह सूख चुके हैं।

- गांव में मौजूद सात हैंडपंपों में केवल दो चालू, पेयजल समस्या से जूझ रहे भलेसरवासी

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि भलेसर सहित कुछ अन्य पंचायतों से भी बोर सूखने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि औद्यो गिक संस्थानों और राइस मिलरों की बैठक लेकर सीएसआर मद से नए बोर कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम को मौके पर भेजकर जल्द समाधान कराए जा रहे हैं।

### भलेसर में आग बरसाती गर्मी में पानी के लिए मचा हाहाकार



#### शो पीस बनी भलेसर की पानी टंकी

ग्रामीणों के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण और घर-घर नल कनेक्शन दिए गए थे, लेकिन पिछले चार वर्षों से न तो टंकी में पानी चढ़ा और न ही नलों से पानी मिला। वार्ड क्रमांक 1, 2, 8, 9, 10, 11, 12 और 14 के लोग पानी की कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों और सरपंच की मानें तो पिछले छह वर्षों से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और प्रशासन से लगातार शिकायत की जा रही है। लेकिन, अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।



### कार्रवाई : ओडिशा से महाराष्ट्र और यूपी भेजा जा रहा था गांजा

# एंबुलेंस और कार से तस्करी कर रहे 6 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एंबुलेंस और कार से गांजा तस्करी के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने धरपकड़ करते हुए 6 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों का गांजा और प्रयुक्त वाहनों के जब्ती की कार्रवाई की गई है। दोनों मामलों में तस्करों द्वारा गांजा को महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। कार्रवाई में कुल 44 किलोग्राम गांजा और तस्करी में इस्तेमाल वाहन जब्त हुए। जिसकी कीमत

पहला मामले में खल्लारी थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बीते 28 मार्च को एक एंबुलेंस बोलेरो से 20 किलोग्राम गांजा जब्त किया था, जिसकी कीमत 10 लाख रुपए थी। मौके से नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी दो आरोपियों, सलमान खान और सिराज खान को गिरफ्तार किया गया था। पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच की मदद से इस पूरे नेटवर्क के सोर्स गांजा बेचने वाले और डेस्टिनेशन (गांजा मंगवाने वाले) को भी ढूंढ निकाला हैं। पुलिस ने ओडिशा के बौद्ध जिले से सुशांता मुखी 34 वर्ष को 16 मई को गिरफ्तार किया। मुख्य खरीददार मोहम्मद कदिर जुम्मन शाह 22 वर्ष को 21 मई को नागपुर के मोमिनपुरा से दबोचा गया। इस मामले में पुलिस अब तक कुल 4 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। एंबुलेंस सहित कुल 15 लाख 16 हजार 800 रुपए का माल जब्त किया गया है।



#### टेमरी जांच नाका पर कार से 24 किलो गांजा बरामद

दूसरी बड़ी कार्रवाई कोमाखान थाना पुलिस द्वारा की गई। मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने टेमरी जांच नाका पर नाकेबंदी कर एक संदिग्ध अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 7733 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर कार की डिक्की से 24 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 12 लाख रुपए है। इस मामले में पुलिस ने कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें प्रेमलाल विभार (21 वर्ष) निवासी नुआपाड़ा, ओडिशा, ज्ञानसिंह कश्यप (19 वर्ष) निवासी हमीरपुर, उत्तर प्रदेश।

#### यूपी में खपाने की थी तैयारी

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे यह गांजा ओडिशा के कालाहांडी जिले से खरीदकर उत्तर प्रदेश के मौदहा में बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने गांजे के साथ 6 लाख रुपए की कार और 2 मोबाइल भी जब्त किए हैं। इस मामले में कुल जब्त संपत्ति 18 लाख 15 हजार रुपए है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 150 नर्सिंग छात्राओं को पढ़ाने वाले सिर्फ तीन उन्हें भी हटाया, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

150 छात्राओं को पढ़ाने के लिए जहां कम से कम 8-10 शिक्षकों की आवश्यकता होती है वहीं इन छात्रों को पढ़ा रहे 3 शिक्षकों को भी हटाए जाने से छात्रों को अपना भविष्य अधर में लटका नजर आ रहा है। मामला है जिला मुख्यालय स्थित शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र का। जहां की छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में मांग की है कि उनके संस्थान से हटाए गए शिक्षकों को वापस सेवा में रखा जाए। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नही होंगी तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

छात्राओं द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में कहा है कि वर्ष 2014 से जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में तीन शिक्षिकाएं स्मृति कुमार, तारणी पृथ्वीकर और लोकेश्वरी साहू लगातार अध्यापन कार्य करा रही थीं। पढ़ाई के साथ-साथ परीक्षा, पंजीयन, प्रवेश और निरीक्षण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य भी इन्हीं शिक्षिकाओं द्वारा किए जा रहे थे। छात्राओं की मानें तो संचालक कार्यालय द्वारा 20 मई को एक आदेश जारी कर इन तीनों शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त (हटा) कर दिया गया है। छात्राओं के अनुसार नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो चुका है और अगले महीने ही उनकी परीक्षाएं भी होने वाली हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय पर अनुभवी शिक्षकों को हटाने से उनकी पढ़ाई पूरी तरह से रुक गई है। नियमों के अनुसार, संस्थान में पढ़ रही 150 छात्राओं के लिए कम से कम 8 से 10 शिक्षकों की आवश्यकता है। इसके विपरीत, वहां पहले से ही केवल 3 शिक्षक ही पढ़ा रहे थे। अब उन तीनों को भी हटा दिए जाने से छात्राओं के सामने पढ़ाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।



#### छात्रावास में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

शिक्षकों की कमी के अलावा, छात्राओं ने छात्रावास की बदहाल व्यवस्था को लेकर भी शिकायत की है। छात्राओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी के मौसम में भी छात्रावास में नहाने और पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव और अत्यधिक गर्मी के बीच छात्राएं रहने और पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

#### प्रशासन का पक्ष

मामले में मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक का कहना है कि शासन (सरकार) के नियमों और आदेशों के तहत ही सिविलियन स्टाफ को वापस मूल विभागों में भेजा जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत इन शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त करने की कार्रवाई की गई है।

## नशे में घर के बाहर गाली-गलौज और जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के महावीर पार्क निवासी युवक ने परिवार के साथ गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ की गई शिकायत के मामले में सिटी कोतवाली द्वारा आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

- प्रार्थी की शिकायत पर सिटी कोतवाली में मामला दर्ज

महावीर पार्क निवासी आनंद चतुर्वेदी ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया है कि वह रायपुर में निजी व्यापार का काम करता है। 17 मई को शाम लगभग 05.45 से 06.00 बजे वह अपने घर में परिवार के साथ था, तभी शुभांक शर्मा नशे की हालत में अपनी स्कूटी वाहन से पहुंचा और उसके घर के बाहर पुरानी रंजिश को लेकर अभद्र गाली गलौच करने लगा। जिसे सुनकर वह अपने परिवार के लोगों के साथ निकला और उसे गाली देने से मना किया। इस पर आरोपी शुभांक ने गुस्से में आकर नशे की हालत में प्रार्थी, उसकी पत्नी और मां को भी गालियां देने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इस मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले दो स्कूटी चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**महासमुंद।** दो पहिया वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर शहर में घूम रहे दो स्कूटी चालकों के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की है। ऑनलाइन वाहन चेकिंग में पुलिस को दो संदिग्ध स्कूटी नजर आई जिसमें चालकों ने अपनी गाड़ियों की नंबर प्लेट पर लिखे रजिस्ट्रेशन नंबर को बदलते हुए गलत नंबर लिखकर शहर में घूमते मिले। पुलिस द्वारा कांग्रेस भवन चौक के पास रोके जाने पर शांति भंग करने और पुलिस के काम में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने मनोज ईदवानी (44 वर्ष), निवासीः वार्ड नंबर 24, पिटियाझर, महासमुंद को स्कूटी नंबर सीजी 06 जीएस 6297 और युवराज साहू (20 वर्ष), निवासी ग्राम बरोंडाबाजार, स्कूटी नंबर सीजी 06 जीएफ 8399 को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने दोनों स्कूटी चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192(1)(ए) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 170, 126, 135(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सोने-चांदी समेत 47 हजार की चोरी



**महासमुंद।** नगर के दीनदयाल कॉलोनी के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक घर से सोने-चांदी के सामान सहित 47 हजार रुपए की चोरी की घटना के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व इसी क्षेत्र के दीनदयाल कॉलोनी में भी चोरी की घटना हो चुकी है। इस मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि दीनदयाल कालोनी के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महासमुंद की निवासी आशा रावत ने रिपोर्ट लिखाई है कि 14.05.2026 को वह अपने बेटे राहुल रावत के साथ अपने जान पहचान की भारती अरतपायरे के घर शादी में नागपुर गए हुए थे। 18 मई की सुबह 07.30 बजे पड़ोसी डीडी मांझी फोन कर बताया कि आपके घर में चोरी ही है, घर का सामान बिखरा पडा हुआ है। जब वह 19 मई की रात 8 बजे अपने घर पहुंची तब देखा कि घर के मेन गेट का ताला नहीं लगा था। बहू टीना रावत के बेडरूम रखे लकड़ी के आलमारी में लगा ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे 01 जोड़ी सोने के टॉप्स, 01 नग चांदी का गणेश की मूर्ति कीमत 30,000 रुपए, नगदी रकम 17000 रुपए कुल 47000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, 27 लीटर से अधिक शराब जब्त

**महासमुंद।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ महासमुंद जिले में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने खल्लारी और महासमुंद थाना क्षेत्रों में रेड मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से कुल 27.280 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 9,680 रुपये बताई जा रही है ।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस्ती पारा बागबाहरा निवासी रवि नायक (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 7,680 रुपये कीमत की 17.280 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त की गई। महासमुंद थाना, पुलिस ने नवापारा निवासी सुधिया मेहर उर्फ नर्मदा (50 वर्ष) को रंगे हाथों पकड़ा। महिला के पास से 2,000 रुपये कीमत की 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।


तत्काल संपर्क करें
फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....
फील्ड मार्केडिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....
(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)
कार्य के समय-8 घंटे
सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)
संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।
-कार्यालय का पता-
हरिभूमि
जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद
मो.नं.99811-31365

### ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समझी आवश्यकताएं, जरूरतों के आधार पर बनेगी कार्ययोजना

# कलेक्टर लंगेह ने गांव की गलियों में जानी जरूरतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव के अंतर्गत जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विकासखंड बागबाहरा के ग्राम जोरातराई एवं ग्राम रैताल में ट्रांजेक्ट वॉक कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया।

कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ गांव की गलियों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर स्थानीय परिस्थितियों का अवलोकन किया तथा जनजातीय परिवारों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी अपेक्षाओं को विस्तार से समझा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर चौपाल लगाई और जनजातीय गरिमा उत्सव के उद्देश्य, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि गांवों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझकर ही प्रभावी एवं स्थायी विकास संभव है। इसी उद्देश्य से ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से गांव की मूलभूत जरूरतों, अधोसंरचना, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों एवं स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर शीघ्र ही समग्र कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा सके। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं खुलकर साझा कीं। चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था, सड़क सुधार, रोजगार के अवसर, शासकीय योजनाओं के लाभ तथा अन्य स्थानीय विषयों पर अपनी बात रखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा कई विषयों पर ग्रामीणों से ही समाधान के सुझाव भी प्राप्त किए।



इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सहायक आयुक्त शिल्पा साय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनजातीय गरिमा उत्सव अंतर्गत जनसुनवाई प्रत्येक जनजातीय ग्रामों में 21 से 25 मई तक चलेगा।

## खबर संक्षेप



### प्रगणकों को जनगणना का समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को जनगणना कार्य के तहत विभिन्न जोन में कार्यरत प्रगणकों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तय समय-सीमा में जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 15 मिनट में बना राशन कार्ड



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 6 अंतर्गत मठपुरैना सामुदायिक भवन में लगे सुशासन शिविर में एक महिला का 15 मिनट में राशन कार्ड बन गया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी नेहा पटेल पिछले कई हफ्तों से नया राशन कार्ड बनाने के लिए जोन दफ्तर के चक्कर काट रही थी। शिविर में उसने आवेदन दिया। इस आवेदन पर नेहा को शिविर में मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने 15 मिनट के अंदर राशन कार्ड बनाकर दिया। इसी प्रकार शिविर में अन्य 18 लोगों को भी मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए।

### सिविल सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 24 को

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को होगी। यह परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इसमें कुल 8 हजार 449 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रायपुर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया है।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि आम जनता के साथ अन्याय : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राज्य एवं केंद्र सरकार तत्काल समन्वय बनाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने और आम जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों पर श्री नायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के साथ सीधा अन्याय बताया है।



उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ता है। ईंधन की कीमत बढ़ने से केवल वाहन चलाना ही महंगा नहीं होता, बल्कि इसका प्रभाव रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं, खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों तथा परिवहन सेवाओं पर भी पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में जनता पहले से ही बेरोजगारी, आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई से जूझ रही है। ऐसे समय में पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि करना जनविरोधी निर्णय है।

# किसान कांग्रेस ब्लॉक बसना की नवनियुक्त कार्यकारिणी का हुआ सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिला किसान कांग्रेस ब्लॉक बसना की नवनियुक्त कार्यकारिणी का सम्मान समारोह रेस्ट हाउस बसना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री राजा देवेंद्र बहादुर थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने की। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केशव साव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला एवं स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंजीत सिंह सलूजा, तौकीर दानी, तनवीर सईद, इस्तियाक खेरानी, मंदाकिनी साहू, तनूजा साहू, यास्मीन बेगम, राधेश्याम नायक, श्यामलाल प्रधान, दक प्रधान, भागीरथी दास, चरण सिंह छाबड़ा, खालिद दानी, महिपाल सिंह, गोरेलाल, देवेंद्र पटेल, भूषण पटेल, गजेंद्र साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद मनोज प्रधान एवं परमानंद नागेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव को पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस भवन में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया और देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सभा में उपस्थित लोगों ने आतंकवाद तथा हिंसा का सदैव विरोध करने की शपथ ली। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से पूर्व संसदीय सचिव व जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर और शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजनों के समक्ष स्वर्गीय राजीव गांधी के योगदान को रेखांकित किया और प्रधानमंत्री के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला।

### आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधीः द्वारिकाधीश

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता थे। उन्होंने भारत को 21वीं सदी में ले जाने का सपना देखा और उसे सच कर दिखाया। देश में कंप्यूटर और सूचना क्रांति (आईटी सेक्टर) की नींव रखकर उन्होंने युवाओं के लिए प्रगति के नए द्वार खोले। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत कर उन्होंने सत्ता का विकेंद्रीकरण किया, जिससे अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचे। उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा।

### युवाओं को दिया मतदान का अधिकारः रश्मि

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने देश के युवाओं पर अटूट भरोसा जताया। उन्होंने मतदान की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की, जिससे देश के नीति-निर्धारण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई। उनका जीवन देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समर्पित था।

### उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्पः गुरमीत

शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि राजीव गांधी की दूरगामी सोच के कारण ही आज भारत तकनीकी क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। आज के दिन हम सभी कांग्रेस जन यह संकल्प लेते हैं कि उनके दिखाए गए शांति, सद्भाव और प्रगति के मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ेंगे।

### वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता रहे उपस्थित

इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से द्वारिकाधीश यादव (विधायक एवं जिलाध्यक्ष), पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, संजय शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ममता चंद्राकर, डॉ ऐजाज नकवी, तुलसी साहू, भरत सिंह ठाकुर, गणेश शर्मा, ढेलू निषाद, समीम खान, विजय बंजारे, नितेंद्र बैनर्जी, हर्षित चंद्राकर, अमर चंद्राकर, तबरेज़ खान, गोपी पाटकर, डॉ. तरुण साहू, अमन चंद्राकर, अनीश राजवानी, मनोहर ठाकुर, कुनाल चंद्राकर, मोती साहू, गोपी तारक, महेन्द्र साहू, कैलाश कुमार बघेल, हार्दिक सोनी, कपिल साहू, सगीर चौहान, जावेद चौहान, खोम सिन्हा, आकाश निषाद, युवराज साहू, छोटेलाल, राहुल यादव, अनुराग चंद्राकर, सन्नी महानंद, परखीत हरपाल, तुलसी देवादास समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर देश के लाडले नेता को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एडवांस टेस्ट और कम पैकेज के नाम पर मरीजों से वसूली जा रही अतिरिक्त राशि

# आयुष्मान में इलाज फ्री पर निजी अस्पतालों में कट रही मरीजों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वैसे तो आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में बीपीएल श्रेणी के मरीजों का पांच लाख तक का इलाज निशुल्क है, बावजूद इसके निजी अस्पतालों में मरीजों की जेब एडवांस टेस्ट और कम पैकेज के नाम पर कट रही है। अस्पतालों में थमाए जाने वाले अतिरिक्त बिल की मुख्य वजह आयुष्मान योजना के आठ साल पुराने पैकेज को माना जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के पास पिछले ढाई साल में प्रदेशभर के करीब 30 से ज्यादा अस्पतालों के खिलाफ इस तरह की शिकायत मिली थी। जांच के बाद दर्जनभर अस्पतालों पर नोटिस और जुर्माना की कार्रवाई हुई और शेष को क्लीन चिट दे दिया गया। शिकायत जांच और फिर जुर्माना जैसी कार्रवाई होने के बाद भी अस्पतालों में योजना के हितग्राहियों से अतिरिक्त राशि की वसूली रुकने का नाम नहीं ले रही है। विभागीय स्तर पर बीपीएल और वय वंदना के मरीजों को पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज का दावा किया जाता है, मगर जमीनी हकीकत इससे दूर है। स्थानीय निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड लेकर पहुंचने वाले गरीब मरीजों को काफी हील-हवाला के बाद इलाज तो मिल रहा है, लेकिन डिस्चार्ज के वक्त उनके हाथों में अतिरिक्त राशि का बिल थमा दिया जा रहा है।




### जरूरत वृहद स्तर पर निगरानी की

स्वास्थ्य सहायता योजना में मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा दिलाने के लिए वृहद स्तर पर निगरानी की आवश्यकता है। आम तौर पर जिला स्तर पर इसके संचालन के लिए एक से दो कर्मचारियों की तैनाती होती है। राजधानी समेत ज्यादा अस्पताल वाले इलाके में निगरानी के साथ शिकायतों के निराकरण के लिए ज्यादा टीम की आवश्यकता है।

### हर शिकायत पर परीक्षण

आयुष्मान से संबंधित आने वाले हर शिकायतों पर सक्षम अधिकारी और चिकित्सकीय टीम द्वारा जांच की जाती है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

- डा. मिथिलेश चौधरी
सीएमएचओ

### खाद वितरण को लेकर सहकारी सोसायटी से लेकर प्राइवेट कृषि केंद्रों पर भी निगरानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस बार किसानों को खाद उनके रकबे के अनुसार ही उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विभाग ने इसके लिए पोर्टल तैयार किया है, इसके माध्यम से खरीफ सीजन में किसानों का पूरा डेटा फीड किया गया है। खाद का वितरण सहकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में पॉस मशीन के माध्यम से ही होगा। ऐसे में जिन किसानों ने सहकारी सोसायटी से खाद उठा ली है, उन्हें निजी कृषि केंद्रों से खाद नहीं मिलेगी। बताया गया है कि विभाग इन पर पूरी निगरानी कर रहा है। बताया गया है कि खरीफ सीजन के लिए खाद का वितरण सहकारी समितियों से शुरू किया गया है। किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी दी जा रही है। पहले किसानों को दो-दो बोरी दी जाती थी। सासाइटियों में डीएपी के स्थान पर 20 20 13 अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट दिया जा रहा है।

## सीएचसी में नसबंदी के सौ ऑपरेशन कर रचा परिवार नियोजन का नया आयाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचास बिस्तर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉ आशीष गुप्ता ने परिवार नियोजन सेवाओं को नई दिशाा दी है। उन्होंने अब तक यहां सौ से ज्यादा ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। एमटीपी और एनएसवीटी के ऑपरेशन के मरीजों को काउंसिलिंग मिल रही हैं और सर्जरी के बाद उन्हें प्रोत्साहन राशि भी मिल रही है।

■ सर्जरी के पहले काउंसिलिंग, बाद में दे रहे प्रोत्साहन राशि

डा. गुप्ता एनएसवीटी यानी बिना चीरा-टांका वाली पुरुष नसबंदी के विशेषज्ञ हैं। इस प्रक्रिया में सिर्फ 10-15 मिनट लगते हैं, मरीज उसी दिन घर जा सकता है और 48 घंटे में काम पर लौट सकता है। सुरक्षित और गोपनीय तरीके से एमटीपी की सुविधा, सरकारी गाइडलाइन के अनुसार दी जा रही है। ऑपरेशन से पहले हर मरीज और उनके परिवार को पूरी काउंसलिंग दी जाती है ताकि वो सही फैसला ले सकें। डा. गुप्ता ने बताया कि हमारा मकसद सिर्फ ऑपरेशन करना नहीं है, बल्कि लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना है। एनएसवीटी पुरुषों के लिए सबसे सेफ और आसान तरीका है। 100 ऑपरेशन का आंकड़ा मरीजों के भरोसे का नतीजा है।

## एचपी कॉर्पोरेट मुख्यालय पंडरी के सामने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया

# पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि का विरोध कांग्रेस ने किया एचपी मुख्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व कांग्रेसियों ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य कॉर्पोरेट मुख्यालय पंडरी के सामने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

मोदी सरकार ने पिछले पांच दिनों से दो बार में पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि कर प्रत्येक परिवार के अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने का काम किया। पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से हर साधन संसाधन के दाम पूरे देश सहित प्रदेश में बढ़ेंगे। पेट्रोल के दाम बढ़ने से राशन तथा अन्य वस्तुओं की कीमतों पर असर पड़ेगा, जनता और गरीब परिवारों पर बोझ बढ़ेगा।

नरेंद्र मोदी ने चुनाव में पांच राज्यों में लगातार प्रचार किया चुनाव जीत के लिए सभी हथकंडे अपनाए। जनता को कभी भी एहसास होने नहीं दिया कि वो चुनाव के बाद डीजल पेट्रोल गैस के दाम बढ़ायेंगे। चुनाव जैसे ही ख़त्म हुआ डीजल-पेट्रोल, गैस के साथ साथ दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं में जिसमें दूध, दही, तेल, राशन के साथ साथ हर घरेलू उपयोगी चीज़ों के दाम बढ़ा दिए गए। महंगाई ने लोगों की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है।कांग्रेस ने आज प्रदर्शन के दौरान जमकर नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार की नीतियों, वित्तमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री सहित भाजपा के तमाम नेताओं के ख़िलाफ़ नारेबाजी की।



### मोदी ने किया जनता के साथ धोखा- मेनन

कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने नरेंद्र मोदी के इस कदम को जनता के साथ धोखा बताया, क्योंकि वो चुनाव के पहले आम जनता को दुनियाभर की राहत के सपने दिखाते रहे और चुनाव होते ही उन्होंने अपना रंग बदला और दामों में भारी वृद्धि कर दी।

## पुलिस की मौजूदगी में सतनामी समाज के व्यक्ति से मारपीट, कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने ग्राम गुढ़गुढ़ा के पूर्व सरपंच बालकुमार कुर्रे के साथ हुई मारपीट एवं सामाजिक उत्पीड़न की घटना को अत्यंत शर्मनाक, अमानवीय एवं चिंताजनक बताते हुए भाजपा सरकार एवं प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बजरंग दल के कार्यकर्ता गोल्डी शर्मा, आरएसएस रायपुर जिला कार्यालय प्रमुख विजय अग्रवाल एवं अभिजीत शर्मा की अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।



### असामाजिक तत्वों को भाजपा का संरक्षण

कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, सतनामी समाज के लोगों के साथ लगातार हो रही मारपीट और सामाजिक उत्पीड़न की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में कुछ असामाजिक तत्व कानून हाथ में लेने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और समाज के सम्मान की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करेगी।

### दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी होः मेनन

कांग्रेस रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, यदि पुलिस की मौजूदगी में भी अनुसूचित जाति समाज के लोगों के साथ मारपीट होती है, तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं आरंग में जुलूस निकालकर सख्त संदेश दिया जाना चाहिए।

**ये थे मौजूदः** इस अवसर पर पूर्व पार्षद सूंदर जोगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आनंद गिलहरे, हीरेन्द्र देवगन, रेखराम पात्रे, दिनेश ठाकुर प्रकाश बंदे, नीतू साहू, मानसिंह गिलहरे, अविनाश निहाल, पूजा जांगड़े , जागेश्वर कुर्रे, अरुण लहरी,आदि उपस्थित रहे।

### रेडियोडायग्नोसिस विभाग में संसाधन कम और जांच का दबाव ज्यादा

# जांच में देर नहीं पर रिपोर्ट के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार, अटक रहा मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारी का पता लगाने रेडियोडायग्नोसिस विभाग में जांच कराने मरीजों को कम समय लग रहा है, मगर उसकी रिपोर्ट पाने का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। रिपोर्ट मिलने में लगने वाले समय की वजह से संबंधित मरीजों का इलाज शुरू होने में काफी वक्त लग रहा है। आंबेडकर अस्पताल के इस विभाग में संसाधन तो सीमित हैं, मगर जांच का दबाव ज्यादा है। सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य टेस्ट के बाद रिपोर्ट तैयार करने एनालिसिस में विशेषज्ञों को काफी समय लग रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, मगर उसकी तुलना में यहां संसाधन उपलब्ध कराने की गति काफी धीमी है। इलाज के लिए यहां आने वाले 40 फीसदी मरीजों को बीमारी की पहचान अथवा गंभीरता का पता लगाने के लिए रेडियोडायग्नोसिस विभाग जाना पड़ता है। यहां आवश्यकता के हिसाब से उनके सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी जैसी जांच होती है। भीड़ के बीच विभाग द्वारा बनाए गए सिस्टम के आधार पर मरीजों को अपनी जांच एक से दो दिन की भीतर हो जाती है। असली समस्या इसके बाद रिपोर्ट लेने में आती है, जिसके लिए उन्हें सप्ताहभर से दस दिन तक इंतजार करना पड़ जाता है। रिपोर्ट मिलने में होने वाली देर का असर संबंधित मरीजों के इलाज शुरू होने की अवधि पर पड़ता है। सामान्य मरीजों को तो इससे ज्यादा दिक्कत नहीं होती, मगर इमरजेंसी और गंभीर बीमारी वाले मरीजों को इसके लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। जानकारों का कहना है कि विभाग में जांच सहित अन्य संसाधन सीमित हैं, जबकि जांच और उसकी रिपोर्ट तैयार करने का दबाव काफी अधिक है। मौजूदा कंसलटेंट सहित अन्य विशेषज्ञों द्वारा टेस्ट के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिसमें वक्त लगता है।




सीटी स्कैन, एमआरआई रिपोर्ट तैयार करने एनालिसिस में लग रहा वक्त

### संसाधन वही

अस्पताल में बढ़ते दबाव के बीच जांच की जिम्मेदारी वहीं पुरानी मशीनों पर है। बजट में आंबेडकर अस्पताल को नई सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदी के लिए राशि स्वीकृत है, मगर खरीदी अब तक नहीं की जा सकी है। पुरानी मशीन की जांच क्षमता सीमित है, जबकि जरूरत इसे दोगुना करने की है। इसके लिए विभाग की सभी मशीनों को अपडेट करने की जरूरत है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत बजट से दोनों तथा अन्य मशीनों की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है जो प्रक्रियाधीन है।

### ओपीडी के मरीजों का भी दबाव

रेडियोडायग्नोसिसस विभाग में आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न विभाग में भर्ती मरीजों के साथ ओपीडी में आने वाले मरीजों के जांच की जिम्मेदारी भी है। अनुमान के मुताबिक यहां रोजाना चालीस से पचास मरीजों की जांच की जाती है। पहले जांच की सुविधा ओपीडी टाइमिंग तक होती थी जिसे जरूरतों के हिसाब से शाम तक बढ़ा दिया गया है। यहां एपीएल मरीजों के लिए सीटी स्कैन के लिए 1 हजार तथा एमआरआई के लिए 2 हजार रुपए निर्धारित है। वहीं बीपीएल और साठ साल से अधिक उम्र वालों के लिए यह सुविधा निशुल्क है।

### कोशिश जल्द से जल्द

जांच रिपोर्ट मरीजों को जल्द से जल्द प्राप्त हो, इसकी कोशिश की जाती है। सामान्यतः रिपोर्ट एक से दो दिन में मिल जाती है कुछ संवेदनशील और गंभीर मामलों में एनालिसिस में वक्त लगता है। व्यवस्था सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

- डा. विवेक पात्रे, विभागाध्यक्ष,
रेडियोडायग्नोसिस, आंबेडकर अस्पताल

**खबर संक्षेप**



## कुर्मी युवा प्रकोष्ठ के राज अध्यक्ष बने कुंभज

**महासमुंद।** कुर्मी (युवा प्रकोष्ठ) क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश रायपुर द्वारा डंगनिया स्थित कुर्मी भवन में स्वागत, सम्मान एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता कुंभज चंद्राकर को चंद्रनाहू कुर्मी (युवा प्रकोष्ठ) क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे। समारोह में कुंभज चंद्राकर का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया तथा समाजहित में निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि कुंभज चंद्राकर लंबे समय से समाज के युवाओं को संगठित करने एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ समाजहित में नई ऊर्जा एवं सकारात्मक दिशा के साथ कार्य करेगा। कुम्भज ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी, समर्पण एवं निष्ठा के साथ करेंगे।

# नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने नागरिकों की भागीदारी आवश्यक : निखिलकांत

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर पालिका सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, कचरे के पृथक्करण, संग्रहण एवं वैज्ञानिक निष्पादन के संबंध में संयुक्त संचालक कार्यालय से आए स्वच्छ भारत मिशन के संभागीय समन्वयक अभिषेक गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी गई।



कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। उपस्थित प्रतिभागियों को घरों से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करने, प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निपटान तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर नगर बनाने में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित स्वच्छता अभियान चलाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नगर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार खांडे, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र जैन, प्रभारी सदस्य जय कुमार देवांगन, बबलू सूरज नायक, गुलशन कुमार साहू, पार्षद राहुल आवडे, सीता टोडेकर, मुस्ताक खान, कल्पना सूर्यवंशी, धनेन्द्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, चन्द्रशेखर बेलदार, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, पीयूष साहू, उप अभियंता हेमंत पिस्दा, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, समन्वयक नीतू प्रधान, सुपरवाइजर रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, प्रिया दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा की सराहनीय पहल 'अमृतधारा' वाटर कूलर व प्याऊ का उद्घाटन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों एवं आम नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्षेत्र के अत्यधिक व्यस्त एवं आवाजाही वाले स्थान लहारोद स्थित पिथौरा जनसंपर्क कार्यालय में 'अमृतधारा' वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष बसना सुमित अग्रवाल, अग्रवाल समाज पिथौरा के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल एवं विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सुमित अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और इस भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। मारवाड़ी युवा मंच ने व्यस्त क्षेत्र में वाटर कूलर लगाकर लोगों को बड़ी राहत प्रदान की है। पिथौरा जनसंपर्क कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं स्थानीय लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में इस वाटर कूलर के लगने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच एवं उदय शाखा पिथौरा द्वारा लहरौद चौक पर सार्वजनिक प्याऊ की भी शुरुआत की गई है। मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल मोनू ने संस्था के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मंच लगातार मानव सेवा, जीव सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा पिछले कई महीनों से गौसेवा एवं संवर्धन के लिए भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और समाज के सहयोग से यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा।



मंच एवं उदय शाखा द्वारा केवल मानव सेवा ही नहीं, बल्कि जीव-दया की दिशा में भी पहल की गई। बढ़ती गर्मी को देखते हुए लहारोद चौक क्षेत्र में गौवंश के लिए चारा एवं पानी की व्यवस्था के लिए कोटना (नाद) रखवाया गया। वहीं पक्षियों को गर्मी एवं प्यास से बचाने के लिए स्थानीय लोगों को निःशुल्क बर्ड फीडर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल मोनू, सचिव बजरंग अग्रवाल, उदय शाखा अध्यक्ष शशांक अग्रवाल, राजेश गोयल, संजय गोयल, संदीप अग्रवाल, अमित गोयल, शुभम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, तुषार बंसल, तन्मय अग्रवाल सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं अग्रवाल समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ द्वारा जारी एक ज्ञापन में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान मोदी की गारंटी के तहत संविदा कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग की गई है। इसे लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि चुनाव पूर्व वरिष्ठ नेताओं (जैसे डॉ. रमन सिंह, अरुण साव, विजय शर्मा आदि) ने संविदा कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए सत्ता में आने पर उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया था। कर्मचारियों की मुख्य मांगें और पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के उदाहरण के रूप में दी गई सुविधाएं 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और सामाजिक-आर्थिक स्थिरता, नियमित पदों के समान वेतनमान की व्यवस्था, सेवा के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान, नियमित पदों पर सीधी भर्ती में संविदा कर्मियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण, नई पेंशन योजना का लाभ और चिकित्सा अवकाश सहित अन्य अवकाश की सुविधाएं है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि मार्च 2024 में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संगठन संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए याचिका दायर कर रहा है, जिन्होंने अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है। पत्र में अन्य राज्यों में इसी तरह के नियमितीकरण प्रयासों पर प्रकाश डाला गया है, विशेष रूप से राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेशऔर हरियाणा काउल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ता 2023 के चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों पर तत्काल कार्रवाई, समिति की रिपोर्टों के आधार पर शीघ्र निर्णय और रोजगार सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियों की स्थापना का अनुरोध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ द्वारा ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। राम गोपाल खूंटे जिला संयोजक महासमुंद, डॉ देवेंद्र साहू, अभिषेक शर्मा, मनोज कुमार सोनी, देवकुमार डडसेना आदि मौजूद रहे।

# डिप्टी कलेक्टर खांडे ने किया मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्यभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न शाखाओं के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होगी तथा नगर विकास से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उप अभियंता हेमंत पिस्दा, लेखापाल यशवंत देवागंन, प्रभारी जल विभाग दुर्गेश कुंजेकार, स्वचछ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, समन्वयक नीतू प्रधान, राजस्व विभाग के गुमान सिंह ध्रुव, आवास योजना के लोकरंजन साहू, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, राशनकार्ड प्रभारी जितेंद्र मोहंती आदि उपस्थित रहे।



# जिले के दूरस्थ एवं जनजातीय बाहुल्य गांवों में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनभागीदारी अभियान एवं जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत जिले के दूरस्थ एवं जनजातीय बहुल गांवों में आज से जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अभियान के तहत पीएम जनमन के 76 एवं धरती आबा अभियान के सभी 308 ग्रामों में व्यापक स्तर पर संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा पौधरोपण अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता निभाई। स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बीपी एवं शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण एवं अद्यतन की सुविधा प्रदान कर पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया। इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांवों में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सरपंच-सचिवों, मितानिनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सबसे दूर, सबसे पहले की अवधारणा पर कार्य करते हुए जिले के सभी चिन्हित गांवों में 25 मई तक संतृप्ति शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के साथ ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्थानों पर प्राप्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से स्वीकार किया जाए। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव हो, उनका मौके पर ही समाधान किया जाए तथा शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया जाए। सभी आवेदनों का पंजीयन कर उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जाएगी तथा जनसुनवाई समाप्ति के उपरांत समग्र प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल एवं खाद्य सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में आवराडबरी स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, खाद्य सामग्रियों में हो रही महंगाई एवं सोने के बढ़ते दामों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता पर बढ़ती महंगाई के बोझ को लेकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सराफा व्यापारियों द्वारा भी सोने के लगातार बढ़ते दामों एवं बाजार में आई मंदी को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवनाथ साहू, अंकित बागबाहरा, राहुल कुलदीप, मुकुंद सिन्हा, विजय बंजारे, भूपेंद्र ठाकुर, शहजान पासा, खिलेश्वर सिन्हा, चंदूलाल साहू, राजीव अग्रवाल, कलिंदरी ध्रुव, पवन ध्रुव, प्रमोद चंद्राकर, कामत प्रसाद, पुरुषोत्तम साहू, नीलकंठ यादव, रेशम ध्रुव, चंद्रशेखर दीवान, आशाराम मोगरे, गंगाप्रसाद भोसले, बलराम चंद्राकर, हरिराम यादव, सेवाराम साहू, राजेश सिन्हा, टेनूराम साहू, संतोष जांगड़े, कार्तिक राम, सुरेश पटेल, कबीर साहू, नंदकुमार निषाद, तुलाराम देवांगन, विजय भरतद्वाज, चयन कौशिक, अक्षय कुमार कौशिक, केवल यादव, इतवारी, माखन सोन, घासीराम, रोशन साहू, उमेश पटेल, राजकुमार बघेल, हृदय लाल, लालाराम ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, धीरज गुप्ता, लोकेश कुमार दीवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौठानों को बंद कर गौमाता को भाजपा ने सड़क पर बैठने किया विवशः आलोक

**महासमुंद।** जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते लाखों गौवंशीय पशु सड़क पर भटकने मजबूर हैं। भाजपा ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान गौवंशीय पशुओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई महत्वपूर्ण योजना गौठान को महज इसलिए बंद कर दिया कि उसे कांग्रेस ने बनाई थी। जिसका परिणाम आज हजारों-लाखों मवेशियों को सुरक्षित आश्रय छोड़कर सड़कों पर बैठने विवश होना पड़ रहा है। विगत 14 मार्च 2026 को बिलासपुर जिले के तखतपुर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का शुभारंभ बड़े तामझाम के साथ किया था। कहा गया था कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकासखंडों में 10-10 गौधाम बनाए जाएंगे। 2 माह बाद भी योजना पर क्रियान्वयन शुरू नहीं किया गया है। महासमुंद जिले में तो गौधाम योजना का कहीं अता-पता नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि घुमंतू पशुओं को सुरक्षित आश्रय देने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नरवा-गरवा-घुरवा-बारी योजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक गौठान बनाकर पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था की थी। गौठान में पशुओं को पर्याप्त चारा-पानी तथा सुरक्षित आश्रय मिलने से पशु दुर्घटनाओं में कमी आई थी। गौठान के माध्यम से महिला समूह की बहनों को रोजगार मिला। वर्मी कंपोस्ट बनाकर उन्हें अतिरिक्त आय मिला। किसान गोबर बेचकर सशक्त हुए। खेती-किसानी के लिए उन्हें साहूकारों से ब्याज में रुपए लेने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती थी। क्योंकि, गोबर बेचकर उन्हें जो रूपए मिलते थे, उसे वे खेती कार्य में लगाते थे। इस योजना को पूरे देश में सराहा गया था। लेकिन, भाजपा की सरकार बनते ही इस योजना को दुर्भावनावश बंद कर दिया गया। अब भाजपा की सरकार गौधाम योजना शुरू करने की बात कह रही है। लेकिन, इसका अब तक कहीं अता-पता नहीं है। गौवंशीय पशु सड़कों पर बैठे हैं। आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं। जिसके कारण पशु की मृत्यु तथा पशुओं से टकराकर वाहन चालक घायल व मृत हो रहे हैं।



# चार धाम की रेत से समुद्र तट पर पार्थिव शिवलिंग पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुरी धाम के समुद्र तट पर चार धाम से लाई गई रेत व मिट्टी से शिवलिंग बनाकर पार्थिव शिव पूजन किया गया। आचार्य पंकज तिवारी व उनके पुरोहितों ने करीब डेढ़ सौ से अधिक अधिक तीर्थ यात्रियों को पूजन सामग्री प्रदान कर विधान पूर्वक पूजन कराया। पावन धाम पर पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है। एक पार्थिव शिवलिंग पूजन से करोड़ो शिवलिंग पूजन का फल प्राप्त होता है। माना गया है कि कण-कण में शिव का वास है। जगन्नाथ पुरी धाम में बद्रीनाथ, रामेश्वरम और द्वारका धाम से रेत व मिट्टी लाई गई थी। जब जब उन धामों में तीर्थ यात्रियों का भागवत हुआ था। तब तब वहां के समुद्र तट से रेत लाया गया था। शिवलिंग पूजन के बाद सभी ने समुद्र में इसे विसर्जित किया और अपने पितरों को भी समुद्र में तर्पण किया। उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम धाम में पार्थिव शिवलिंग बनाकर बनाकर पूजा की गई थी। उसके बाद द्वारका धाम और जगन्नाथ धाम पुरी में यह आयोजन किया गया है। गत वर्ष जो तीर्थ यात्री बद्रीनाथ गए थे उनसे रेत व मिट्टी मंगाई गई थी। पार्थिव शिवलिंग पूजन में प्रमुख रूप से विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर, नूतन साहू मारकंडे, पुष्पा चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, मीरा भारतीय, जूली चंद्राकर, रंभा महेंद्र चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, राधा ईश्वर चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, रेवती चंद्राकर, रमा चंद्राकार, दुर्गा धनीराम सेन, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, निम्मी निर्मला चंद्राकर, उर्मिला साहू, राज अशोक अग्रवाल, विमल यादव, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, सावित्री चंद्राकर, मीना गिरजा शंकर चंद्राकर, राखी इदिकर, उषा चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, शशि शर्मा, मोतिम चंद्राकर, सुशीला चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, सोनी साहू, ज्योति साहू, आशा साहू, निशा चंद्राकर, ललिता चंद्राकर, किरण चंद्राकर आदि मौजूद थे।





**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.......वर्ष
ग्राम प.ह.नं.
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह.
पिथौरा, जिला महासमुंद

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम घोघरा के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक मोहनलाल साहू पिता श्री पदुमलाल साहू जाति तेली साकिन घोघरा रानिम पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने माता जानकी बाई साहू के दिनांक 24/5/2020 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतू आवेदन पेश किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर / दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28/5/26 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर / दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13/5/2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**पिथौरा**

# सिंघोड़ा में 22 बालिकाओं ने लगवाया एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में विकासखंड सरायपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघोड़ा में एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुणाल नायक एवं खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे की उपस्थिति में 14 वर्ष आयु वर्ग की 22 बालिकाओं को कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का टीका लगाया गया। भीषण गर्मी के बावजूद बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक शिविर में पहुंचकर टीकाकरण कराया। साथ ही ग्राम रूढ़ा निवासी प्रीति पटेल ने अपने सहपाठियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया, जिसके लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया तथा सभी टीकाकृत बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम में प्रगति शर्मा, डी. मालाकार, भरत नायक, पुरुषोत्तम पटेल, निर्मला नागेश, डोलचंद नायक, जितेंद्र बरिहा, नरसिंह सिन्हा एवं स्थानीय मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भ्रामक वीडियो एवं समाचारों के बहकावे में न आएं। विभाग ने बताया कि कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित है तथा इसका लाभ अवश्य लें। यह टीका 14 वर्ष की बालिकाओं को ही लगाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मृतक के निकटतम वारिसान के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम खरोरा के मृतक डिसील यादव की पत्नी मीनाक्षी यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**महासमुंद।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किए गए हैं।

### मुनगासेर-घोंच में आज लगेंगे समाधान शिविर

**महासमुंद।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 5 जून 2026 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 मई 2026 को जिले के महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं, मांग एवं शिकायतें प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। महासमुंद विकासखंड में ग्राम पंचायत मुनगासेर के हाईस्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम बनपचरी, मुनगासेर, सिंघनपुर, छिलपावन, लखनपुर, ढांक, जामपाली, डुमरपाली, सरेकेल, नरतोरा, बरेकेलकला, कुरूमांठा, भटगांव एवं छिंदौली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विखं में ग्राम घोंच स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# जगन्नाथ पुरी धाम में आचार्य पंकज ने लगाई भागवत कथा की सेंचुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भागवत कथा प्रवचन की श्रृंखला में पुरी धाम में सौ भागवत कथा होने पर आचार्य पंकज तिवारी का मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडेय व भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने आचार्य का सम्मान किया। इस अवसर पर कथा हाल में शंकर पांडेय ने कहा कि यह परम सौभाग्य का विषय है कि पुरी धाम में आचार्य पंकज तिवारी का सौ भागवत कथा पूर्ण होने जा रहा है। इस जानकारी के बाद करतल ध्वनि के साथ सभी ने बधाई हो बधाई हो की शुभकामनाएं दी। भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारका धाम के बाद जगन्नाथ पुरी में यह



आयोजन किया जा रहा है, मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडेय द्वारा सभी धाम के यात्रियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया जा रहा है। इस मौके पर आचार्य पंकज तिवारी ने कहा कि बिना संगीत के भागवत कथा शुरू हुई थी और पारायण के अलावा सुबह शाम भागवत का प्रवचन होता था। जजमान देवेंद्र गुड्डू चंद्राकर के यहां प्रथम भागवत कथा हुई थी। वे भी स्वयं चारों धाम में भागवत श्रवण कर रहे हैं। भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव के बाद एक धाम के करीब 68 तीर्थ यात्रियों को स्मृति स्वरूप शील्ड प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से समिति के दिलीप जैन, मूलचंद लड्ढा, देवेंद्र गुड्डू चंद्राकर, बाबूलाल साहू, राजेश नायक आदि मौजूद थे। एक धाम के यात्रियों में प्रमुख रूप से पूर्णिमा चंद्राकर, लता चंद्राकर, शशि चंद्राकर, आशीष साहू, सृष्टि साहू, मुक्ता साहू, मीरा साहू, कमला देवी, शांभवी, अंजू साहू, गीता सोनी, कौशल्या साहू, परी ठाकुर, शक्ति ठाकुर, केसरी चंद्राकर, रामकुंवर चंद्राकर, निर्मला राकेश साहू, निशा राकेश मिश्रा, रीना शर्मा, मीना शर्मा, प्रणीत गुप्ता, नमिता गुप्ता, कल्याणी चंद्राकर, नीता चंद्राकर, शांति चंद्राकर, प्रीति चंद्राकर, लता चंद्राकर, गुलापा चंद्राकर, शुभांगी साहू, बेला जयंत तिवारी, स्वाति तिवारी, आशा तिवारी, शोभा तिवारी, अशोक पदमा पांडेय, रामदेवी तिवारी आदि शामिल है।

#### संकट से रक्षा शिव करते हैं और परिश्रम का फल विष्णु देव देते हैं

पुरी धाम के ए2 भवन में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, राम और कृष्ण अवतार की कथाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि दुर्वासा ऋषि के श्राप से जब देवता हीन हो गए तो समुद्र मंथन कर अमृत और लक्ष्मी समेत नाना रन प्रकट हुए। सबसे पहले हलाहल विष निकला, जिसे शिव ने कंठ में धारण कर नीलकंठ कहलाए। समुद्र मंथन से कामधेनु, मदिरा, ऐरावत हाथी, चंद्रमा, लक्ष्मी व अन्य रत्न प्रकट हुए। और जब परिश्रम का फल देने की बारी आई तो भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लेकर अमृत कलश के साथ प्रकट हुए। भगवान धन्वंतरि ने अमृत देवताओं को प्रदान किया, किंतु अमृत के लिए असुरों ने देवताओं के साथ संग्राम किया और देवताओं के हाथ से अमृत असुरों ने सुन ली। इस पर भगवान विष्णु ने मोहनी का रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया। व्यास पीठ से पंकज तिवारी ने कहा कि विपत्ति आने पर संकट से रक्षा शिव करते हैं और परिश्रम का फल भगवान विष्णु देते हैं। इसलिए प्रत्येक प्राणी को कठिन से

## अवलोकन : कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण

# भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर का औचक

- अनाधिकृत व्यक्तियों के रिकॉर्ड रूम में घुसने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी
- शौचालय की नियमित सफाई करने एवं स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश

निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम की स्थिति का अवलोकन किया एवं रिकॉर्ड को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने स्पष्ट रूप से कहा कि भू-अभिलेख शाखा में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः निषेध है। किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि या अवैध वसूली की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनाधिकृत व्यक्ति किसी भी तरह भू अभिलेख संबंधी कार्य को अंजाम न दे, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखने तथा शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अनाधिकृत अथवा बिचौलिये के




झांसे में न आएं और सीधे संबंधित कार्यालय से संपर्क कर शासन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य कराएं। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। शौचालय की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए। गंदगी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी टॉयलेट्स की प्रतिदिन कम से कम दो बार फिनाइल से सफाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक एक घंटे में टॉयलेट फ्रेशनर का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में पारदर्शिता, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर द्वय सचिन भूतड़ा एवं रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा एवं मनोज खांडे मौजूद थे।

# ओम फर्टिलाइज़र में स्टॉक कम पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भौतिक सत्यापन में यूरिया के स्टॉक में कमी पाए जाने के कारण एसडीएम और तहसीलदार की अगुवाई में फर्टिलाईजर प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही भौतिक रुप से उपलब्ध स्टॉक को भी जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में कृषि आदानों की सतत निगरानी एवं निरीक्षण की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में टीम द्वारा सरायपाली एवं महासमुंद विकासखंड में औचक निरीक्षण किया गया। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद एवं तहसीलदार धर पंडा के नेतृत्व में ओम फर्टिलाइज़र प्रतिष्ठान में भौतिक सत्यापन किए जाने पर स्टॉक में 298 बोरी कम पाई गई। अनियमितता पाए जाने पर भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव कृषि विभाग को प्रेषित किया जा रहा है।

इसी तरह मुख्यालय में गत दिवस तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के नेतृत्व में बग्गा कृषि सेवा केंद्र के दुकान एवं गोदाम तथा मार्कफेड खाद गोदाम तुमाडबरी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद एवं उर्वरकों के भंडारण, वितरण तथा अभिलेखों का परीक्षण किया गया। प्रशासन द्वारा किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि उर्वरक उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

# चालक वर्दी, फिटनेस और मेडिकल जांच के निर्देश




### बस स्टैंड में आरटीओ ने किया बसों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला द्वारा मंगलवार को महासमुंद बस स्टैंड में आरटीओ टीम एवं यातायात पुलिस अधिकारियों के साथ बसों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान बसों की फिटनेस, चालक-परिचालकों की वर्दी तथा वाहनों की सड़क पर चलने योग्य स्थिति का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से वर्दी पहनने, बसों को तकनीकी रूप से फिट एवं सुरक्षित रखने तथा वाहन चालकों की प्रारंभिक मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपस्थित वाहन स्वामियों एवं चालकों ने विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का निःशर्त पालन करने की सहमति जताई। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यदि किसी वाहन में खामी पाई जाती है अथवा नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित वाहन, वाहन स्वामी एवं चालक के विरुद्ध चालानी एवं वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# सात साल में भी स्टॉपडैम में नहीं लग पाए गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे खट्टी ग्राम पंचायत के नटई नाला में ग्रामीणों को सिंचाई और निस्तारी सुविधा देने के उद्देश्य से बनाया गया स्टॉपडेम विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते अधूरा है।

खल्लारी विधानसभा के तत्कालीन विधायक चुन्नीलाल साहू के कार्यकाल में करीब 47 लाख की लागत से स्वीकृत इस डेम को बने लगभग 7 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इतने लंबे अंतराल के बाद भी आज तक इस डेम में पानी



रोकने के लिए गेट (शटर) नहीं लगाए जा सके। गेट न होने के कारण नटई नाला का पानी रोकने के बजाय सीधे बह जाता है। जिससे गर्मी के दिनों में किसानों को सिंचाई के लिए बूंद-बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। पानी के बहाव से ही इस डेम के मुख्य ढांचे में गहरी दरारें पड़ गई है। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण यह डेम जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। और कभी भी पूरी तरह ढह सकता है। स्थिति यह है कि नाले में पानी तो दूर घास-फूस, छोटी झाड़ीयां और रेत नजर आ रही है और 47 लाख के इस प्रोजेक्ट से लाखों रुपए का बजट खर्च होने के बाद भी खट्टी पंचायत के ग्रामीण अन्नदाता किसान पानी के लिए परेशान है।

### अध्यापन कक्षा में ब्लूप्रिंट का पृष्ठ चस्पा होना चाहिए: रेखराज

**महासमुंद।** ब्लूप्रिंट एवं शिक्षा शास्त्र विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा एवं एपीसी पेडागॉजी संपा बोस का आगमन हुआ। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने कहा कि सत्र के प्रारंभ में आयोजित यह प्रशिक्षण आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अत्यंत उपयोगी एवं अनुकूल रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अध्यापन कक्षा में ब्लूप्रिंट का पृष्ठ चस्पा होना चाहिए। ताकि विद्यार्थी उसका अध्ययन कर सकें और परीक्षा की तैयारी सुनियोजित ढंग से कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी विकास सूचकांक बच्चों की अधिगम क्षमता को प्रदर्शित करता है, इसलिए इसका भी विद्यालयों में प्रदर्शन किया जाना आवश्यक है। यदि शिक्षक सुनियोजित योजना बनाकर अध्यापन कार्य कराएं तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक, बालक, शिक्षक एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि शत-प्रतिशत नामांकन से लेकर बच्चों के ठहराव तक सभी को सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरजी नरेश विश्वकर्मा, तारामती साहू सहित सभी व्याख्यातागण उपस्थित थे।



### ढाबा संचालक और उसके बेटों के साथ जमकर मारपीट, तोड़फोड़

**महासमुंद।** गाड़ी धोने के पाइप को ले जाने की बात पर हुए विवाद में ढाबा संचालक व उसके बेटों के साथ कुछ लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए ढाबा में तोड़फोड़ कर दिया। मामला ग्राम टुरीडीह का है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है।मामले को लेकर पटेवा पुलिस को प्रार्थी राजकुमार पांडेय ने बताया कि टुरीडीह-रायतुम मोड़ के पास स्थित पांडेय ढाबा का संचालन सोनू पांडेय और नितेश पांडेय करते है। 20 मई की दोपहर करीबन 3 बजे शेखर जोगी ढाबा में आया और गाड़ी धोने के सर्विसिंग पाईप को निकाल कर ले जाने लगा, जिस पर नितेश पांडेय ने पाइप ले जाने से मना किया। जिसके चलते शेखर जोगी और नितेश के बीच विवाद हो गया। इसके बाद शेखर जोगी अपने घर चला गया, फिर कुछ देर बाद अपने पिता घनश्याम जोगी, भाई धनेश्वर जोगी, देवा जोगी, सुरज जोगी, भुरवा जोगी एवं अन्य लोगों के साथ ढाबा आया। इसके बाद सभी लोग गाली गलौज करते हुए एक राय होकर अपने-अपने हाथ में रखे लाठी, डंडे एवं टाईल्स के टुकड़े से जान से मारने की नीयत से ढाबे के अंदर घुसकर ताबड़तोड़ वार कर प्राणघातक हमला करने लगे। शेखर जोगी, देवा जोगी व धनेश्वर जोगी के द्वारा अपने हाथ में रखे लाठी डंडे एवं घनश्याम जोगी अपने हाथ में रखे टाईल्स के टुकड़े से मारपीट की, जिससे प्रार्थी के सिर एवं दाहिने हाथ में, सोनू पांडेय के सिर एवं बांये हाथ में एवं नितेश पांडेय के सिर, बांये हाथ के कंधे एवं सिर पर चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 109(1), 331(5), 115(2), 296, 351(3), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## भारतीय टीम से विभिन्न कैटेगरी में 12 महिला पुरुष खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# कराते चैम्पियनशिप में शहर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भूटान में आयोजित 7वीं इंटरनेशनल कराते निंजा मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम से विभिन्न कैटेगरी में 12 महिला पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनको थाईलैंड के ग्रैंड मास्टर फुजीकियो की कठिन चयन प्रक्रिया द्वारा 3 चरणों में पूरी हुई। जिसमें खिलाड़ियों की तकनीक फिटनेस, अनुशासन और समग्र प्रदर्शन का विस्तार से मुल्यांकन कर किया गया। भूटान देश के फोईंट सोलिंग में आयोजित 7वी इंटरनेशनल कराते निंजा मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में महासमुंद के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। भारतीय टीम से चयनित महासमुंद के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को थाईलैंड के ग्रेंड मास्टर द्वारा स्पेशल ट्रेनिंग भी दिया गया। 7 से 14 मई तक चलने वाले इस आयोजन में भारत सहित मलेशिया, थाईलैंड, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल, लंका, साउथ अफ्रीका, जापान जैसे देशों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया। वर्ल्ड कराते फेडरेशन के मानक मापदंडों में संपन्न इस प्रतियोगिता में महासमुंद के कराते मास्टर नीलकंठ साहू ने जापान थाईलैंड, मलेशिया के खिलाड़ियों को फाइट में जोरदार टक्कर देते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं सीनियर ग्रेड में खुमान सिंह साहू ने बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के खिलाड़ियों को काता इवेंट में हरा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में मास्टर ईशान साहू, निकुंज साहू, तुषार डडसेना ने जापान मलेशिया और भूटान के खिलाड़ियों को फाइट में जोरदार टक्कर देते हुए विभिन्न वजन वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं प्रमोद राजपूत, महेंद्र चंद्राकर ने टीम काता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में महिला वर्ग में रीता खुशी साहू का मुकाबला जापान थाईलैंड और नेपाल के खिलाड़ियों से हुआ। जिसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं फमेश्वरी सिन्हा, कंचन यादव, योगलता सोनवानी, तृप्ति साहू ने टीम काता इवेंट में भूटान मलेशिया थाईलैंड के खिलाड़ियों को पछाडते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इस रोमांचक मुकाबले में सबसे ज्यादा मेडल जीतकर चैम्पियंस ट्राफी और बेस्ट टीम के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है, जो कि देश के लिए गौरव की बात है। साथ ही इन खिलाड़ियों का चयन आगामी मलेशिया में होने वाले इन्टरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि मुकाबला काफी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण था। फिर भी खिलाड़ियों के अभ्यास के सामने विपक्षी टीम टिक नहीं पाए। खिलाड़ियों के विदेश से लौटने पर रायपुर और महासमुंद में जोरदार बाजे गाजे के साथ पटाखे फोड़कर एवं मिठाई खिलाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। रैली भी निकाली गई। खिलाड़ियों की सफलता कलेक्टर, एसपी सहित खेल मंत्री ने हर्ष जताया।



